कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेंल- spsrn-up@nic.in

प्रेस-नोट, जनपद भदोही

दिनांक- 05.03.2026

थाना भदोही पुलिस टीम की तत्परता से गैर इरादतन हत्या करने के अभियुक्तों को चंद घंटो में गिरफ्तारकर घटना का सफल अनावरण किया गया।

थाना व जनपद भदोही पर दिनांक 05.03.2026 को वादी मुकदमा सुरेंद्र प्रताप सरोज निवासी सियरहा थाना व जनपद भदोही ने लिखित तहरीर दिया कि दिनांक 04.03.2026 को मेरा पुत्र विशाल उर्फ सोनू सरोज होली के दिन अपनी मोटरसाइकिल से विनय सरोज पुत्र सत्य प्रकाश सरोज निवासी बरमोहिनी के साथ करियांव रोड पर स्थित मोढ़ बाजार में शराब लेने गया था वही पर विशाल उर्फ सोनू का झगड़ा भोनू और सोनू हलवाई पुत्रगण गौरीशंकर निवासी मोढ़ थाना भदोही जनपद भदोही से रात्रि समय 9 से 10 के बीच हो गया जिससे विनय मौके से डर के कारण अपने घर (बरमोहनी) भाग गया तथा विशाल उर्फ सोनू को अकेला पाकर भोनू और सोनू ने उसे बुरी तरह से मारा पीटा जिससे उसकी मृत्यु हो गई मारपीट से हुई मृत्यु के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना भदोही में मु0अ0सं0 93/26, धारा 105 बीएनएस एवं 3(2)5 SC/ST Act के तहत अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत गैर इरादतन हत्या के घटनाओं के शीघ्र अनावरण व पंजीकृत अभियोगों से सम्बंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.03.2026 को भदोही पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना भदोही पर पंजीकृत मु0अ0सं0 93/26 धारा 105 बीएनएस एवं 3(2)5 SC/ST Act से सम्बन्धित अभियुक्तगण भोनू हलवाई उम्र 35 वर्ष और सोनू हलवाई उम्र 40 वर्ष पुत्रगण गौरीशंकर निवासी सियरहा थाना व जनपद भदोही को सुरियावां भदोही रोड़ मकनपुर तिराहे से भदोही पुलिस की तत्परता से चंद घंटों में गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया। सम्बन्धित अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

बरामदगी 01अदद आलाकत्ल डण्डा।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त सोनू पुत्र गौरीशंकर निवासी सियरहा थाना व जनपद भदोही का अपराधिक इतिहास

1.मु0अ0स0 785/2003 थाना व जनपद भदोही

गिरफ्तारी करने वाली टीम

उ0नि0 शशांक बाजपेयी मय हमराह हे0का0 रमेश चन्द्र सिंह, हे0का0 दिनेश यादव थाना व जनपद भदोही